No. of Printed Pages : 4 M14973 **ई.एच.डी.-02**

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा,

दिसंबर 2019

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-02 : हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे] *[अधिकतम अंक : 100*

नोट : (i) प्रथम प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) शेष में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 3×12=36

क) राणा जी थे जहर दियों म्हे जाणी।

जैसे कंचन रहत अगिनि में, निकसत बारा बाणी।।

लोक लाज कुल काण जरात की, दह बहाय जस बाणी।

अपने घर का परदा कर ले, मैं अबला बौराणी।।

ख) जाके न काम न क्रोध विरोध,

न लोभ छुवै नहिं छोम की छाहों।

मोह न ताहि, रहै जग जाहिर,

मील जवाहिर तौ अति चाहौ।

ग) हुआ न यह भी भाग्य अभागा,

किस पर विफल गर्व अब जागा?

जिसने अपनाया था, त्यागा,

रहे, स्मरण ही आते

सखि, वे मुझसे कहकर जाते।

घ) जीर्ण बाहु है, शीर्ण शरीर,

तुझे बुलाता कृषक अधीर,

ऐ विप्लव के वीर

चूस लिया है, उसका सार

हाड़मात्र ही है आधार

ऐ जीवन के पारावार!

ङ) पर पीड़ा से पूर-पूर हो

थक-थक कर ओ चूर-चूर हो

अमल-धवल गिरी के शिखरों पर

प्रियवर, तुम कब तक सोये थे?

रोया यक्ष कि तुम रोये थे?

कालिदास, सच-सच बतलाना।

च) यह नहीं कि मैंने सत्य नहीं पाया था
यह नहीं कि मुझको शब्द अचानक कभी-कभी मिलता है:
दोनों जब-तब सम्मुख आते ही रहते हैं।
प्रश्न यही रहता है :
दोनों जो अपने बीच एक दीवार बनाये रहते हैं
मैं कब, कैसे, उनके अनदेखे
उसमें सेंध लगा दूँ
या भर कर विस्फोटक
उसे उड़ा दूँ।

2. 'कुरूक्षेत्र' की प्रासंगिकता और महत्त्व पर प्रकाश डालिए। 16

3. 'नयी कविता' की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए। 16

4. जयशंकर प्रसाद के काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। 16

5. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य का मूल्यांकन कीजिए। 16

6. बिहारी के काव्य की विशेषताएँ बताइए। 16

7. कृष्ण भक्ति काव्य में सूरदास का महत्त्व निर्धारित कीजिए। 16

8. प्रगतिवादी कवि के रूप में केदारनाथ अग्रवाल के काव्य का विवेचन कीजिए। 16

9. आदिकाव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए। 16

10. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए। $2 \times 8 = 16$

क) मीराबाई की भक्ति भावना

ख) महादेवी वर्मा की विरह वेदना

ग) धूमिल का काव्य

घ) रीतिबद्ध काव्य

ङ) मुक्तिबोध का काव्य-शिल्प

✧✧✧✧✧✧